# 2023

# HINDI

**(First Language)**

**Time—Three Hours Fifteen Minutes**

**(First Fifteen minutes for reading the question paper only)**

**Full Marks —** { **90 — For Regular Candidates**<br>**100 — For External Candidates** }

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point.*

*Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×17=17

(i) सिख बीबी ने सफिया को लाहौर से क्या लाने के लिए कहा था ?

(क) सेब (ख) नमक

(ग) संतरा (घ) पैसा

(ii) भंबल दा के भाई का क्या नाम था :

(क) अशोक (ख) सुरेश

(ग) दिनेश (घ) राकेश

(iii) हेली का धूमकेतु पृथ्वी और सूर्य के समीप कब आएगा ?

(क) 2045 ई. में (ख) 3062 ई. में

(ग) 2062 ई. में (घ) 2030 ई. में

(iv) कर्ण को किस सर्प ने सहायता देने का प्रस्ताव दिया ?

(क) वासुकी (ख) तक्षक

(ग) अश्वसेन (घ) शेषनाग



https://www.westbengalboard.com

(v) 'रोमावली अठारह' का क्या अर्थ है ?

(क) अट्ठारह रोमावती
(ख) अट्ठारह भक्त
(ग) अट्ठारह गुण
(घ) अट्ठारह पुराण

(vi) भंयकर झंझावत और तूफान में भी कौन अडिग रहा है ?

(क) बड़े-बड़े वृक्ष
(ख) आशा के विहंगम
(ग) पथिक
(घ) नीड़

(vii) 'रामदास' किस कविता के कवि है ?

(क) विमल सहाय
(ख) रघुवीर सहाय
(ग) कन्हैया लाल नन्दन
(घ) राजेश जोशी

(viii) किसे संस्कृति की पाठशाला कहा गया है ?

(क) कोलकाता को
(ख) काशी को
(ग) मुम्बई को
(घ) दिल्ली को

(ix) किसके पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है ?

(क) हमले के पहले
(ख) जीत के पहले
(ग) मृत्यु के पहले
(घ) बेहोशी के पहले

(x) किस चाहत ने बदनसीब जेन की जान ले ली ?

(क) जंगल जाने की चाहत ने
(ख) वायलिन पाने की चाहत ने
(ग) चोरी करने की चाहत ने
(घ) गीत सुनने की चाहत ने



https://www.westbengalboard.com

(xi) 'वजीरा सिंह द्वारा पानी पिलाया गया।' वाक्य में कौन-सा वाच्य है ?

(क) कर्तृवाच्य
(ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य
(घ) (क), (ख), (ग) तीनों

(xii) 'पेड़ पर पक्षी बैठा है।' वाक्य में कौन-सा कारक है ?

(क) कर्म कारक
(ख) अधिकरण कारक
(ग) कर्ता कारक
(घ) करण कारक

(xiii) नया-पुराना कौन-से समास का विग्रह है ?

(क) नया है पुराना
(ख) नया या पुराना
(ग) नया और पुराना
(घ) नया से पुराना

(xiv) 'श्रमजीवी' सामासिक पद का समास विग्रह कौन-सा होगा ?

(क) श्रम पर जीनेवाला
(ख) श्रम के लिए जीनेवाला
(ग) श्रम को जीनेवाला
(घ) श्रम से जीनेवाला

(xv) 'अधिकार छीना जाता है।' कौन-सा वाच्य है ?

(क) कर्तृवाच्य
(ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य
(घ) (क) और (ख) दोनों

(xvi) 'परिश्रमी व्यक्ति अवश्य सफल होगा।' कौन-सा वाक्य है ?

(क) संयुक्त वाक्य
(ख) सरल वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

(xvii) दो पदों के मेल को कहते हैं :

(क) वाक्य
(ख) वाच्य
(ग) समास
(घ) कारक



https://www.westbengalboard.com

2. निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्हीं उन्नीस **(19)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम **20-25** शब्दों में) : $1 \times 19 = 19$

(i) रैदास जी ने भक्ति मार्ग की सबसे बड़ी बाधा किसे माना है ?

(ii) कवि विपदा के समय प्रभु से क्या चाहते है ?

(iii) कर्ण ने जीवन भर किस निष्ठा का पालन किया ?

(iv) विविध भारती क्या है ?

(v) रामदास की हत्या किस प्रकार की गई ?

(vi) 'सिनेमाघरों' में राष्ट्रगान कब होता था ?

(vii) ब्राहे ने 1577 ई. में क्या सिद्ध किया ?

(viii) शहनाई के साथ किस स्थान का नाम जुड़ता है ?

(ix) बोधासिंह किसका पुत्र था ?

(x) जेन में कौनसी अनोखी खुबी थी ?

(xi) किसके पाँव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे ?

(xii) लाहौर से लौटते समय सफिया ने क्या निश्चय किया ?

(xiii) भंबल दा की साइकिल के बारे में क्या प्रसिद्ध था ?

(xiv) 'मिश्र वाक्य' किसे कहते है ?

(xv) 'से' किस कारक का विभक्ति चिह्न है ?

(xvi) 'उपमेय-उपमान' की प्रधानता किस समास में होती है ?

(xvii) 'के' किस कारक का विभक्ति चिह्न है ?

(xviii) 'सम्बोधन' का क्या अर्थ होता है ?

(xix) कर्मवाच्य किसे कहते है ?

(xx) 'बढ़ई मेज बनाता है।' कर्मवाच्य में बदले।

(xxi) 'यथानियम' का समास विग्रह बताएँ।

(xxii) 'मैं बाज़ार जाकर पुस्तक लाया।'—वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदले।

(xxiii) पिताजी भिखारी को भीख दिए—कारक बताएँ।



https://www.westbengalboard.com

3. प्रत्येक खण्ड में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अनधिक **60** शब्दों में) : 3×2=6

### खण्ड—क

(i) "बस एक बार कर कृपा धनुष पर,
चढ़ शख्य तक जाने दे,
इस महाशत्रु को अभी तुरत,
स्पंदन में मुझे सुलाने दे।"

(क) रचनाकार का नाम लिखें।

(ख) प्रस्तुत अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। (1+2=3)

(ii) "अंत समय आ गया पास था, उसे बता दिया गया था उसकी हत्या होगी।"

(क) प्रस्तुत अंश किस पाठ से लिया गया है ?

(ख) प्रस्तुत अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। (1+2=3)

### खण्ड—ख

(i) "बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही।"

(क) वक्ता का नाम लिखिए।

(ख) पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (1+2=3)

(ii) "क्या सब कानून हुकूमत के होते है।"

(क) वक्ता का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (1+2=3)

4. प्रत्येक खण्ड में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अनधिक **150-200** शब्दों में) : (5×3=15)
(4×1=4)

### खण्ड—क

(i) पाठ्यक्रम में संकलित पद के आधार पर संत रैदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालें। 5

(ii) 'देश प्रेम' कविता का मूलभाव लिखें। 5



https://www.westbengalboard.com

खण्ड—ख

(i) 'चप्पल' कहानी के शीर्षक की सार्थकता 'पर प्रकाश डालें। 5

(ii) 'नन्हा संगीतकार' की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए। 5

खण्ड—ग

(i) धूमकेतुओं से डरने की कोई बात क्यों नहीं थी ? 5

(ii) बिस्मिल्ला खाँ के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? स्पष्ट कीजिए। 5

खण्ड—घ

(i) सिद्ध कीजिए कि पन्ना के चरित्र में माँ की ममता, राजपूतानी का रक्त, राजभक्ति और आत्म-त्याग की भावना है। 4

(ii) "यहाँ का त्योहार आत्म बलिदान है।" — के आधार पर पन्ना की चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 4

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए (अनधिक **150** शब्दों में) : 5×2=10

(i) 'तीसरी कसम' कहानी के हिरामन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'कर्मनाशा की हार' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'जाँच अभी जारी है' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करें।

6. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (अनधिक **400** शब्दों में) : 10×1=10

(i) 'अपने जीवन की एक स्मरणीय घटना'।

(ii) छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व।

(iii) खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है—इस तथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(iv) जल संरक्षण।



https://www.westbengalboard.com

7. हिन्दी मे अनुवाद कीजिए : 4

Hard work is the key to success. Nothing can be achieved without hard work. Work, ever work is a great panacea. Edison worked for twenty one hours a day. He slept only for two or three hours on the laboratory tables with his books as his pillow.

8. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5×1=5

(i) परीक्षा के एक दिन पूर्व दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

(ii) देश में बढ़ती महँगाई की कहर पर समाचार पत्र में छपने के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए।

**(For External Candidates Only)**

9. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक **20** शब्दों में) : 1×4=4

(i) चकोर क्या है ?

(ii) चिड़िया चोंच में क्या लिये जा रही थी ?

(iii) 'राधेय' किसे कहा गया है ?

(iv) 'धत्' का प्रयोग किसने किया ?

(v) 'चप्पल' पाठ का रचनाकार कौन है ?

10. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अनधिक **60** शब्दों में) : 3×2=6

(i) "वह सहज में पवन उनचास को नीचा दिखाती।"—प्रस्तुत अंश के कवि का नाम लिखिते हुए आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) "ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यह मेरी भिक्षा है।"—वक्ता का नाम लिखते हुए अंश का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) "मैं तो दिखा के, जता के ले जाऊँगी।"—

(क) वक्ता कौन है ?

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।



https://www.westbengalboard.com